विषय-वस्तु

पैरा संदर्भ सं.	विषय	पृ. सं.
क.	उद्देश्य	4
ख.	वर्गीकरण	4
ग.	पिछले दिशानिर्देशों का समेकन	4
घ.	प्रयोज्यता	4
1	भूमिका	6
2.	परिभाषा	6
3.	शाखा प्राधिकरण नीति	6
4.	आवेदन की प्रक्रिया	8
5.	प्राधिकरण की वैधता	8
6.	शाखाएं खोलना	9
7.	ऑफ साइट एटीएम स्थापित करना - सामान्य अनुमति	10
8.	केंद्रों का प्रतिस्थापन	10
9.	केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र/बैक ऑफिस स्थापित करना	11
10.	कॉल सेंटर	11
11.	व्यावसायिक सुविधाप्रदाता/व्यावसायिक प्रतिनिधि मॉडल	11
12.	दरवाजे पर (डोर स्टेप) बैंकिंग	12
13.	शाखाओं का स्थान बदलना	12
13.1	सामान्य	12
13.2	केंद्र (शहर/कस्बा/गांव) के भीतर स्थान बदलना	13
13.3	ग्रामीण शाखाएं	13
13.3.1	ब्लॉक के भीतर	13
13.3.2	ब्लॉक के बाहर	13
13.4	महानगरीय, शहरी एवं अर्ध शहरी केंद्र	14
13.5	शाखा का अंशत: स्थान परिवर्तन	14
14.	शाखाओं का परिवर्तन	15
14.1	विशेषीकृत शाखा का परिवर्तन	15

14.2	सामान्य बैंकिंग शाखाओं का किसी विशेषीकृत शाखा के रूप में परिवर्तन	15
14.3.	विस्तार पटलों तथा अनुषंगी कार्यालयों का पूर्ण शाखाओं में उन्नयन	15
14.4	ग्रामीण शाखा का अनुषंगी कार्यालय में परिवर्तन	15
15.	शाखाओं का विलयन	16
15.1	सामान्य	16
15.2	एकमात्र ग्रामीण/अर्ध-शहरी शाखा का विलयन	16
15.3	महानगरीय, शहरी और अर्ध-शहरी शाखाओं का विलयन	16
16.	शाखाएं बंद करना	16
16.1	सामान्य	16
16.2	ग्रामीण शाखाएं बंद करना	17
16.3	महानगरीय, शहरी और अर्ध शहरी शाखाएं	17
17.	परिसरों का अभिग्रहण	17
18.	केंद्रों का जनसंख्या समूह-वार वर्गीकरण	18
19.	भारतीय रिज़र्व बैंक को सूचना देना	18
20.	विदेशी बैंक	19
अनुबंध -1- फॉर्म VI - व्यवसाय का नया स्थान प्रारंभ करने की अनुमति के लिए आवेदन पत्र		20
अनुबंध -2- खोलने के लिए प्रस्तावित शाखाओं का संक्षिप्त विवरण		24
अनुबंध - 3- (क) अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों/अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों को छोड़कर अन्य जिलों में विद्यमान शाखाओं की राज्यवार, जनसंख्या समूहवार संख्या		25
अनुबंध - 3 - (ख) अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों/अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों को छोड़कर अन्य जिलों में विद्यमान एटीएम की राज्यवार, जनसंख्या समूहवार संख्या		27
अनुबंध - 3 - (ग) विद्यमान विस्तार पटलों की राज्यवार, जनसंख्या समूहवार संख्या		28
अनुबंध - 3 - (घ) वार्षिक शाखा विस्तार योजना के साथ प्रस्तुत की जानेवाली सूचना		29
अनुबंध - 4 - अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले जिलों की सूची		31
अनुबंध - 5 - शाखाओं के स्थान बदलने के प्रस्ताव		37
अनुबंध - 6 - सामान्य शाखाओं के विशेषीकृत शाखाओं में परिवर्तन के प्रस्ताव		38
अनुबंध - 7 - शाखाओं के विलयन के प्रस्ताव		39
अनुबंध - 8 - शाखा बंद करने के प्रस्ताव		40
अनुबंध - 9 - बैंकों द्वारा ऑफ साइट एटीएम के परिचालन के लिए रिपोर्टिंग का फॉर्मेट :		41
अनुबंध - 10 - प्रोफार्मा 1 तथा प्रोफार्मा II		42 & 47
अनुबंध - 11 - बैंकों द्वारा ऑफ साइट एटीएम परिचालनगत होने की शर्तें		65
अनुबंध - 12 - एटीएम के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ		66
परिशिष्ट - मास्टर परिपत्र में समेकित परिपत्रों की सूची		67

शाखा प्राधिकरण पर मास्टर परिपत्र

क. उद्देश्य

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 23 के प्रावधानों के अनुरूप भारत में शाखाएँ खोलने /बंद करने /स्थान बदलने के लिए बैंकों द्वारा पालन करने के लिए नियम /विनियमन/क्रियाविधि का ढाँचा प्रदान करना।

ख. वर्गीकरण

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए सांविधिक दिशानिर्देश।

ग. पिछले दिशानिर्देशों का समेकन

यह मास्टर परिपत्र परिशिष्ट में सूचीबद्ध परिपत्रों में निहित अनुदेशों को अद्यतन करता है।

घ. प्रयोज्यता

स्थानीय क्षेत्र बैंकों सहित सभी वाणिज्य बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर)

संरचना

1. भूमिका
2. परिभाषा
3. शाखा प्राधिकरण नीति
4. आवेदन की प्रक्रिया
5. प्राधिकरण की वैधता
6. शाखाएँ खोलना
7. ऑफ साइट एटीएम स्थापित करना - सामान्य अनुमति
8. केंद्रों का प्रतिस्थापन
9. केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र / बैक ऑफिस की स्थापना
10. कॉल सेंटर
11. व्यावसायिक सुविधाप्रदाता /व्यावसायिक प्रतिनिधि मॉडल
12. दरवाजे पर (डोर स्टेप) बैंकिंग
13. शाखाओं का स्थान बदलना
14. शाखाओं का परिवर्तन
15. शाखाओं का विलयन
16. शाखाएँ बंद करना
17. परिसरों का अभिग्रहण
18. केंद्रों का जनसंख्या समूह-वार वर्गीकरण
19. भारतीय रिज़र्व बैंक को सूचना देना
20. विदेशी बैंक

अनुबंध -1 -	फॉर्म VI - व्यवसाय का नया स्थान प्रारंभ करने की अनुमति के लिए आवेदन पत्र
अनुबंध - 2 -	खोलने के लिए प्रस्तावित शाखाओं का संक्षिप्त विवरण
अनुबंध -3-(क)-	अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों/अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों को छोड़कर अन्य जिलों में विद्यमान शाखाओं की राज्यवार, जनसंख्या समूहवार संख्या
अनुबंध- 3 -(ख)-	अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों/अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों को छोड़कर अन्य जिलों में विद्यमान एटीएम की राज्यवार, जनसंख्या समूहवार संख्या
अनुबंध -3- (ग)-	विद्यमान विस्तार पटलों की राज्यवार, जनसंख्या समूहवार संख्या
अनुबंध-3 - (घ)-	वार्षिक शाखा विस्तार योजना के साथ प्रस्तुत की जानेवाली सूचना
अनुबंध - 4 -	अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िलों की सूची
अनुबंध - 5 -	एक केंद्र से दूसरे केंद्र में शाखाओं के स्थान बदलने के प्रस्ताव
अनुबंध - 6 -	सामान्य शाखाओं के विशेषीकृत शाखाओं में परिवर्तन के प्रस्ताव
अनुबंध - 7 -	शाखाओं के विलयन के प्रस्ताव
अनुबंध - 8 -	शाखा बंद करने के प्रस्ताव
अनुबंध - 9 -	बैंकों द्वारा ऑफ साइट एटीएम के परिचालन के लिए रिपोर्टिंग का फॉर्मेट
अनुबंध - 10 -	प्रोफार्मा 1 तथा प्रोफार्मा II
अनुबंध - 11 -	बैंकों द्वारा ऑफ साइट एटीएम परिचालनगत होने की शर्तें
अनुबंध - 12 -	एटीएम के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ
परिशिष्ट -	मास्टर परिपत्र में समेकित परिपत्रों की सूची

शाखा प्राधिकरण पर मास्टर परिपत्र

1. भूमिका

बैंकों द्वारा शाखाएं खोलने और वर्तमान शाखाओं का स्थान बदलने का कार्य बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 23 के उपबंधों से नियंत्रित होता है । इन उपबंधों के अनुसार बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना भारत में अथवा विदेश में कारोबार का नया स्थान नहीं खोल सकते हैं अथवा न ही कारोबार के मौजूदा स्थान को, उसी शहर, कस्बे या गांव को छोड़कर, अन्यत्र ले जा सकते हैं। बैंककारी विनियमन अधिनियम की धारा 23(2) के अनुसार यह निर्धारित है कि इस धारा के अंतर्गत कोई भी अनुमति प्रदान करने से पहले भारतीय रिज़र्व बैंक को धारा 35 के अंतर्गत निरीक्षण करके अथवा अन्यथा बैंकिंग कंपनी की वित्तीय स्थिति और इतिहास, उसके प्रबंध तंत्र के सामान्य स्वरूप, उसके पूंजी-ढांचे की पर्याप्तता तथा अर्जन की संभावनाओं के संबंध में तथा इस बात से संतुष्ट होना होगा कि कारोबार का नया स्थान खोलना अथवा वर्तमान स्थान में परिवर्तन करना, जैसी स्थिति हो, जनहित में होगा। अतः नयी शाखा/ कार्यालय खोलने से पहले वाणिज्य बैंकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे भारतीय रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करें। इस संबंध में स्थानीय क्षेत्र बैंकों सहित वाणिज्य बैंकों को (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय से संपर्क करना चाहिए ।

नीचे दिये गये दिशानिर्देश भारत में स्थित शाखाओं के प्राधिकरण की नीति से संबंधित हैं ।

2. परिभाषा

शाखा प्राधिकरण नीति के प्रयोजन के लिए "शाखा" में ये शामिल होंगे : स्वयं पूर्ण शाखा, अनुषंगी (सेटलाइट) कार्यालय, विस्तार पटल, ऑफसाइट एटीएम (स्वचालित टेलर मशीन), प्रशासनिक कार्यालय, नियंत्रक कार्यालय, सेवा शाखा (बैक ऑफिस या प्रसंस्करण केंद्र) तथा क्रेडिट कार्ड सेंटर। कॉल सेंटर को शाखा के रूप में नहीं माना जाएगा । कॉल सेंटर वह है जहां ग्राहक को टेली-बैंकिंग सुविधा के माध्यम से केवल खाते या उत्पाद की जानकारी दी जाती है और ऐसे केंद्रों के माध्यम से कोई बैंकिंग लेनदेन नहीं किया जाता । साथ ही, कॉल सेंटरों में ग्राहकों के साथ प्रत्यक्ष संपर्क की अनुमति नहीं है ।

3. शाखा प्राधिकरण नीति

(i) शाखा प्राधिकरण नीति को उदारीकृत और तर्कसंगत बनाने के उद्देश्य से शाखा प्राधिकरण नीति का एक ऐसा ढांचा स्थापित किया गया है जो बैंकों की मध्यावधि कार्पोरेट कार्यनीति तथा जनहित से सुसंगत होगा। बैंकिंग कंपनी की वित्तीय स्थिति और इतिहास, उसके प्रबंध तंत्र के सामान्य स्वरूप, उसके पूंजी-ढांचे की पर्याप्तता तथा अर्जन की संभावनाओं के अलावा शाखा प्राधिकरण नीति के ढांचे में नीचे दिये गये पैराग्राफों में उल्लिखित तत्व होंगे ।

(ii) जहां तक नीतिगत ढांचे के जनहित आयामों का संबंध है, प्राधिकरण संबंधी अनुरोधों पर कार्रवाई के दौरान निम्नलिखित पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा :

(क) बैंकों की शाखाएं खोलने के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार करते समय भारतीय रिज़र्व बैंक, इस बात पर अधिक बल देगा कि बैंकों द्वारा आम जनता, विशेषकर अपर्याप्त बैंकिंग सुविधाओं वाले क्षेत्रों (जिलों) के सामान्य व्यक्तियों को दी गई बैंकिंग सुविधाओं के स्वरूप और व्याप्ति, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को वास्तविक ऋण-प्रवाह, उत्पादों का मूल्यन तथा उचित नये उत्पाद प्रारंभ करने और बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उन्नत तकनीक का प्रयोग करने के साथ-साथ वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए किए गए समग्र प्रयासों की क्या स्थिति है ।

(ख) इस प्रकार के मूल्यांकन में सम्मिलित होंगी - न्यूनतम शेष राशि की ज़रूरतों संबंधी नीति तथा यह बात कि क्या जमाकर्ताओं को न्यूनतम बैंकिंग सुविधाएं या "बिना तड़क-भड़क" वाली (नो फ्रिल्स) बैंकिंग सुविधाएं मिल रहीं हैं, बुनियादी बैंकिंग गतिविधि के प्रति निष्ठा, जैसे - जमा स्वीकार करना और ऋण प्रदान करना तथा ग्राहक सेवा की गुणवत्ता, जो कि *अन्य बातों के साथ-साथ* प्राप्त होनेवाली शिकायतों की संख्या और बैंक में उनके समाधान के लिए उपलब्ध तंत्र से प्रमाणित होगी ।

(ग) विभिन्न स्थानों पर बैंकिंग क्षेत्र में प्रतियोगिता के संवर्धन को प्रेरित करने की आवश्यकता ।

(घ) इस संबंध में विनियामक सुविधा भी प्रासंगिक होगी । इसके अंतर्गत शामिल हैं:

- न केवल विनियमन के आशय का अनुपालन बल्कि यह भी देखा जाएगा कि क्या बैंक की गतिविधियां विनियमन के अभिप्राय और अंतर्निहित सिद्धांतों के अनुरूप हैं ।
- बैंकिंग समूह के कार्यकलाप और बैंक की अपनी सहायक, संबद्ध तथा सहयोगी संस्थाओं के साथ स्थापित संबंध का स्वरूप ।
- कार्पोरेट गवर्नेंस की गुणवत्ता, उचित जोखिम प्रबंधन प्रणाली और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली ।

(iii) जहां तक क्रियाविधि संबंधी पहलुओं का संबंध है, प्रत्येक शाखा खोलने के लिए समय-समय पर प्राधिकार देने की प्रचलित प्रणाली के स्थान पर, एक परामर्शदायी और आपसी विचार-विमर्श वाली प्रणाली के माध्यम से समग्र रूप से वार्षिक आधार पर स्वीकृति देने की प्रणाली लागू की गई है। बैंकों की शाखा-विस्तार संबंधी कार्यनीति तथा मध्यावधि की योजनाओं पर रिज़र्व बैंक द्वारा अलग-अलग बैंकों से विचार-विमर्श किया जाएगा। मध्यावधि के ढांचे तथा विशिष्ट प्रस्तावों में सभी श्रेणियों की शाखाओं को खोलना/बंद करना/एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना, शाखाओं का विलयन तथा शाखाओं का परिवर्तन शामिल है।

(iv) नई शाखा प्राधिकरण नीति के अनुसार बैंकों से यह अपेक्षा नहीं की जाएगी कि वे शाखाएं खोलने के "**लाइसेंस**" के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों से संपर्क करें । तथापि, शाखाएँ खोलने के प्राधिकरण के लिए उन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक के बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय से संपर्क करना होगा। बैंकों को सूचित किया जाता है कि बैंककारी विनियमन

अधिनियम, 1949 की धारा 23 की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए वे नीचे दी गई क्रियाविधि का सावधानीपूर्वक अनुसरण करें ।

4. आवेदन की प्रक्रिया

4.1 मध्यावधि कार्यनीति तथा ऊपर पैरा 3 में दिए गए मुद्दों के आधार पर बैंकों को चाहिए कि वे वार्षिक आधार पर विनिर्दिष्ट केंद्रों में नयी शाखाएं खोलने के लिए विस्तृत प्रस्ताव बैंककारी विनियमन (कंपनी नियम), 1949 के नियम 12 के अनुसार निर्धारित फॉर्म VI में बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करें। फार्म VI का प्रोफार्मा **अनुबंध -1** में संलग्न है। प्रस्तावित शाखाएँ खोलने का संक्षिप्त विवरण **अनुबंध 2** में द्विभाषी फार्मेट में प्रोफार्मों के अनुसार प्रस्तुत किया जाए। इसके साथ-साथ **अनुबंध 3 (क, ख, ग और घ)** में मांगी गयी सूचना भी भेजी जाए। उक्त फार्म VI प्रशासनिक कार्यालय /नियंत्रक कार्यालय, क्रेडिट कार्ड केंद्र और बैक ऑफिस/ प्रसंस्करण केंद्र के संबंध में प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है ।

4.2 बैंक अपनी वार्षिक शाखा विस्तार योजना वर्ष में किसी भी समय प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसे वित्तीय वर्ष अथवा कैलेंडर वर्ष के साथ संबद्ध नहीं किया गया है। वर्तमान अनुदेशों के अनुसार जहां रिज़र्व बैंक का अनुमोदन अपेक्षित है वहां वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शाखाएं खोलने, बंद करने, उनके स्थान बदलने, विलयन और परिवर्तन के लिए विशिष्ट प्रस्ताव शामिल होने चाहिए। वार्षिक शाखा विस्तार योजना पर बैंक के साथ सामान्यतः इसके प्रस्तुत किये जाने से चार सप्ताह के भीतर चर्चा की जाएगी और उसके बाद अनुमोदन की सूचना दी जाएगी ।

4.3 **उपर्युक्त के बावजूद, बैंक किसी भी अत्यावश्यक प्रस्ताव के लिए, विशेषकर ग्रामीण/ अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले क्षेत्रों (ज़िलों) में शाखाएं खोलने के लिए वार्षिक योजना के अंतर्गत दिए गए अनुमोदनों के अतिरिक्त वर्ष में किसी भी समय, भारतीय रिज़र्व बैंक से संपर्क कर सकते हैं जिन पर गुण-दोष के आधार पर विचार किया जाएगा ।**

4.4 वार्षिक शाखा विस्तार योजना (एबीइपी) तथा इस संबंध में रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किए जानेवाले अन्य प्रस्ताव बैंक के निदेशक मंडल से ऐसे या अन्य प्राधिकारी जिसे बैंक के निदेशक मंडल ने शक्तियां प्रदान की हो, से अनुमोदित होना चाहिए ।

5. प्राधिकरण की वैधता

5.1 प्रदान किए गए प्राधिकरण की वैधता प्राधिकरण/अनुमति का समेकित पत्र जारी करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक होगी ।

5.2 सामान्य तौर पर प्राधिकरण की वैधता अवधि बढ़ाई नहीं जाएगी । तथापि यदि बैंक एक वर्ष की वैधता अवधि के भीतर किसी वास्तविक कारण से कोई विशिष्ट शाखा खोलने में असमर्थ है, वहां वह प्राधिकरण की वैधता समाप्त होने से पहले भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंपविवि. केंका. (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के मामले में) से समय बढ़ाने, जो कि **एक वर्ष से अधिक नहीं** होगा, के लिए संपर्क कर सकता है ।

5.3 जिन केंद्रों पर बैंक प्राधिकरण अवधि अर्थात् एक वर्ष **(अथवा अतिरिक्त एक वर्ष की बढ़ायी गई अवधि, जैसी भी स्थिति हो)** के भीतर शाखा नहीं खोलता है तो प्रदान की गई अनुमति अपने आप रद्द हो जाएगी और यदि बैंक उस केंद्र पर फिर भी शाखा खोलना चाहता है तो उसे अगली वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल करना चाहिए ।

6. शाखाएं खोलना

6.1 बैंक शाखाएं खोलने के सभी प्रस्ताव वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल कर सकते हैं। बैंक यह नोट करें कि ग्रामीण शाखाएं खोलने के लिए ज़िला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) का अनुमोदन अपेक्षित नहीं है । **साथ ही, बैंकों को इस बात के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि वे अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िलों और ग्रामीण केंद्रों में शाखाएं खोलें।** अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िलों में स्थित केंद्रों की पहचान करने में बैंकों को सुविधा हो, इसके लिए ऐसे ज़िलों की एक सूची **अनुबंध 4** में दी गई है ।

6.2 अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले जिलों में बैंकिंग का एकसमान विस्तार सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले जिलों में बैंकों द्वारा नयी शाखाएँ खोलने के लिए प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा बशर्ते प्रस्तावित नयी शाखा का स्थान निम्नलिखित **न हो** :

(क) किसी राज्य की राजधानी, महानगरीय केंद्र या किसी ज़िला मुख्यालय की नगरपालिका सीमाओं के भीतर तथा

(ख) 4 प्रमुख महानगरीय केंद्रों (मुंबई, नई दिल्ली, कोलकाता एवं चेन्नै) से 100 कि.मी. के भीतर तथा किसी राज्य की राजधानी से 50 कि.मी. के भीतर ।

तथापि, उपर्युक्त (क) एवं (ख) के प्रतिबंध उन मामलों पर लागू नहीं होंगे जहाँ प्रस्तावित शाखा का स्थान जम्मू और कश्मीर राज्य अथवा उत्तर पश्चिम के सात राज्यों यथा अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड एवं त्रिपुरा राज्य में हो।

उपर्युक्त उल्लिखित प्रावधानों के बावजूद रिज़र्व बैंक बैंकों द्वारा उपर्युक्त (क) तथा (ख) श्रेणी के अंतर्गत आने वाले अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िलों में स्थित केंद्रों पर शाखाएँ खोलने के प्रस्तावों पर मामला-दर-मामला आधार पर विचार करेगा, बशर्ते बैंक रिज़र्व बैंक को संतुष्ट करने में सक्षम रहें कि प्रस्तावित शाखा का स्थान वास्तव में अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाला है।

6.3 इसके अलावा, निजी क्षेत्र के नये बैंकों से अपेक्षित है कि वे यह सुनिश्चित करें कि निरंतर आधार पर उनकी कम से कम 25 प्रतिशत शाखाएं अर्ध-शहरी और ग्रामीण केंद्रों में हैं।

7. ऑफ साइट एटीएम स्थापित करना - सामान्य अनुमति

(i) 12 जून 2009 के परिपत्र बैंपविवि. सं. बीएल. बीसी. 137/22.01.001/2008-09 के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक ने अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिज़र्व बैंक की अनुमति के बिना उनके द्वारा निर्धारित केंद्रों /स्थानों पर ऑफ साइट एटीएम स्थापित करने की अनुमति प्रदान कर दी है। तथापि, यह रिज़र्व बैंक द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले किसी निदेश के अधीन होगी जिसमें ऑफ साइट एटीएम बंद करना /स्थान परिवर्तित करना शामिल है। बैंकों को उपर्युक्त आम अनुमति के अंतर्गत खोले गए ऑफ साइट एटीएम के संबंध में पूर्ण ब्योरों की सूचना, एटीएम परिचालन आरंभ होने के तुरंत बाद और किसी भी हालत में दो सप्ताह में संलग्न फार्मेट (अनुलग्नक-9) के अनुसार बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग के संबंधित कार्यालय/ बैंपविवि. केंद्रीय कार्यालय (महाराष्ट्र और गोवा के ऑफ साइट एटीएम के मामले में) को भेजनी चाहिए। बैंकों द्वारा ऑफ साइट एटीएम परिचालित करने की शर्तों तथा एटीएम के माध्यम से प्रदान की जानेवाली सुविधाओं को इस परिपत्र के अनुलग्नक 11 एवं अनुलग्नक 12 में दिया गया है।

(ii) बैंकों को सूचित किया जाता है कि वे सभी विद्यमान एटीएम/भविष्य के एटीएम में 'रैम्प' की सुविधा प्रदान करें ताकि व्हील चेयर उपयोगकर्ता/विकलांगताग्रस्त व्यक्तियों को पहुँचने में आसानी हो तथा एटीएम की ऊँचाई भी इस प्रकार रखी जाए जिससे व्हील चेयर उपयोगकर्ताओं के लिए बाधा न पैदा हो। बैंक अपनी शाखाओं के प्रवेश द्वार पर 'रैम्प' बनाने सहित उचित कदम उठाएं ताकि विकलांगताग्रस्त व्यक्तियों /व्हील चेयर उपयोगकर्ता बैंक शाखाओं में प्रवेश कर बिना बड़ी कठिनाई के अपना कारोबार संपन्न कर सकें।

(iii) बैंकों को चाहिए कि वे अपने नए स्थापित एटीएम में से कम-से-कम एक तिहाई एटीएम को "ब्रेल की-पैड" के साथ बोलने वाले एटीएम बनाएं तथा अन्य बैंकों के साथ परामर्श करके इस प्रकार नीति बनाएं कि प्रत्येक क्षेत्र में दृष्टिहीन व्यक्तियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बोलने वाले एटीएम सहित एक ब्रेल की-पैड सामान्यतः तौर पर उपलब्ध कराया जा सके। बैंकों द्वारा ऐसे बोलने वाले एटीएम की अवस्थिति की जानकारी अपने दृष्टिहीन ग्राहकों के ध्यान में लायी जाए।

8. केंद्रों का प्रतिस्थापन

8.1 शाखा खोलने के लिए केंद्र/स्थान का अंतिम निर्णय करने से पहले बैंक वहां पर शाखा खोलने के लिए कारोबार की संभाव्यता को ध्यान में रखते हुए उचित आकलन करें। सामान्य तौर पर केंद्रों के प्रतिस्थापन की अनुमति नहीं दी जाएगी । फिर भी अपवादात्मक मामलों में वास्तविक समस्या के कारण यदि बैंक प्रस्तावित केंद्र में शाखा खोलने में असमर्थ होता है तो बैंक प्रतिस्थापन के लिए कारणों सहित बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय से वर्ष में एक बार संपर्क करें । बैंक नए केंद्र के संबंध में फार्म VI प्रस्तुत करें । ऐसे सभी अनुरोधों की जांच प्रत्येक मामले के आधार पर की जाएगी ।

8.2 केंद्रों के प्रतिस्थापन की अनुमति उसी प्रकार के जनसंख्या समूह या कम जनसंख्या समूह के केंद्रों के लिए दी जाएगी बशर्ते बैंक जारी किए गए प्राधिकरण की वैधता अवधि के भीतर शाखा खोलने के लिए आश्वासन दें । इसके अलावा, अपर्याप्त बैंकिंग वाले ज़िलों के केंद्र से ऐसे केंद्र में जो अपर्याप्त बैंकिंग वाले ज़िले में नहीं आता है, प्रतिस्थापन की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

9. केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र/बैक ऑफिस स्थापित करना

बैंक अन्य शाखाओं से प्राप्त अनुरोधों पर केवल आंकड़ा प्रसंस्करण, दस्तावेजों का सत्यापन और प्रसंस्करण, चेक बुक, मांग ड्राफ्ट आदि जारी करना इत्यादि जैसे बैक ऑफिस कार्य तथा बैंकिंग कारोबार से जुड़े अन्य कार्य करने के लिए केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र/बैक ऑफिस भी स्थापित कर सकते हैं । ये केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र/बैक ऑफिस **ग्राहकों के साथ कोई प्रत्यक्ष संपर्क नहीं रखेंगे** । इन केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्रों/बैक ऑफिसों को सेवा शाखाएं कहा जाएगा तथा इन्हें सामान्य बैंकिंग शाखाओं के रूप में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी । केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र/बैक ऑफिस स्थापित करने के प्रस्ताव भी वार्षिक शाखा विस्तार योजना में सम्मिलित किये जा सकते हैं ।

10. कॉल सेंटर

चूंकि कॉल सेंटर में कोई बैंकिंग लेनदेन नहीं किया जाता है, अतः पैरा 2 में परिभाषित किये अनुसार "कॉल सेंटर" की स्थापना के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं है । फिर भी, कॉल सेंटरों को खोलने, बंद करने और उनका स्थान बदलने के ब्योरे पैरा 18 में बताये अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक को सूचित किये जाने चाहिए ।

11. व्यावसायिक सुविधाप्रदाता /व्यावसायिक प्रतिनिधि मॉडल

11.1 रिज़र्व बैंक के 25 जनवरी 2006 के परिपत्र बैंपविवि. सं. बीएल. बीसी. 58/22.01.001/2005-06, 22 मार्च 2006 के परिपत्र बैंपविवि. सं. बीएल. बीसी. 72/22.01.009/2005-06 तथा 24 अप्रैल 2008 के परिपत्र बैंपविवि. बीएल. बीसी. 74/22.01.009/2007-08, 27 अगस्त 2008 के परिपत्र बैंपविवि. सं. बीएल. बीसी. 35/22.01.009/2008-09, 27 अगस्त 2008 के परिपत्र बैंपविवि. सं. बीएल. बीसी. 36/22.01.009/2008-09 तथा 24 अप्रैल 2009 के परिपत्र बैंपविवि. सं. बीएल. बीसी. 129/22.01.009/2008-09 द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार वृहत्तर वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने और बैंकिंग क्षेत्र की पहुंच में वृद्धि करने के उद्देश्य से बैंकों को व्यावसायिक सुविधाप्रदाता/व्यावसायिक प्रतिनिधि मॉडल का उपयोग करते हुए वित्तीय और बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए गैर-सरकारी संगठनों/स्वयं सहायता समूहों (एनजीओ/ एसएचजी), व्यष्टि-वित्त संस्थाओं (एमएफआई) तथा अन्य नागरिक सामाजिक संगठनों (सीएसओ) की सेवाओं को मध्यस्थ के रूप में उपयोग करने की अनुमति प्रदान की गई है ।

11.2 राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (एनईजीपी) के अंतर्गत सेवा केंद्र एजेन्सियों (एससीए) द्वारा स्थापित किए गए कॉमन सेवा केंद्रों की सेवाओं का बैंकों द्वारा व्यावसायिक सुविधाप्रदाता के तौर पर उपयोग करने में कोई आपत्ति नहीं है । यह बैंक की सुविधा के स्तर पर निर्भर करता है, बशर्ते बैंक व्यावसायिक सुविधाप्रदाता की सेवाएं लेने से पहले इन संस्थाओं की समुचित छानबीन करते हुए पर्याप्त एहतियात बरतते हैं।

11.3 साथ ही, चूंकि बैंकों को व्यावसायिक सुविधाप्रदाता/व्यावसायिक प्रतिनिधि मॉडल का उपयोग करने की अनुमति प्रदान करने का संपूर्ण उद्देश्य अल्प सुविधा प्राप्त तथा बैंकिंग सुविधा रहित जनता तक बचत और ऋण की सुविधाएं पहुंचाना है, अतः इन मॉडलों का उपयोग एनआरई/एनआरओ/एफसी एनआर (बी) जमा संग्रहणों के लिए नहीं किया जाना चाहिए जो कि सामान्यतः बड़े मूल्य के होते हैं ।

11.4 व्यावसायिक सुविधाप्रदाता/व्यावसायिक प्रतिनिधि मॉडल के माध्यम से खोले गए खातों सहित सभी बचत खाताधारकों (व्यक्तियों) को बैंकों को पासबुक सुविधा प्रदान करनी चाहिए । यदि बैंक खाता विवरण भेजने की सुविधा प्रदान करता है तथा ग्राहक खाता विवरण प्राप्त करना चाहता है तो बैंक को मासिक विवरण जारी करना चाहिए ।

12. दरवाजे पर (डोर स्टेप) बैंकिंग

रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए 21 फरवरी 2007 के परिपत्र सं. बैंपविवि. बीएल. बीसी.59/22.01.010/ 2006-2007 और 24 मई 2007 के परिपत्र सं. बैंपविवि. बीएल. बीसी. 99/ 22.01.010/ 2006-2007 के दिशानिर्देशों के अनुसार अपने निदेशक मंडलों की अनुमति से बैंकों को अपने ग्राहकों को (जिसमें व्यक्तिगत, कंपनी, सरकारी उपक्रम, सरकारी विभाग आदि शामिल हैं) डोर स्टेप बैंकिंग की सुविधाएं देने के लिए योजनाएं बनाने की अनुमति दी गई है ।

13. शाखाओं का स्थान बदलना

13.1 सामान्य

(क) शाखाओं का स्थान बदलना, शाखा विस्तार की मध्यावधि कार्पोरेट कार्य नीति का एक हिस्सा होगा। तदनुसार, रिज़र्व बैंक के अनुमोदन की अपेक्षा करनेवाले प्रस्तावों को वार्षिक शाखा विस्तार योजना में **अनुबंध 5** में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार शामिल किया जाना चाहिए ।

(ख) तथापि बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जिस शाखा का स्थान बदला जा रहा है उसके ग्राहकों को शाखा का वास्तव में स्थान बदलने के पर्याप्त समय पहले सूचित किया जाता है ताकि असुविधा से बचा जा सके ।

(ग) स्थान बदलने के ब्योरे (अर्थात् नया पता, स्थान बदलने की तारीख आदि) शाखा का स्थान बदलने के तुरंत बाद, और किसी भी हालत में दो सप्ताह के भीतर रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंपविवि. केंका. (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) को अवश्य रिपोर्ट कर दिया जाना चाहिए ।

(घ) ऐसे मामलों में लाइसेंस में संशोधन की आवश्यकता नहीं है। रिज़र्व बैंक का संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंपविवि. केंका. (महाराष्ट्र और गोवा के मामले में) नए पते/स्थान को अभिलेख में ले लेने की लिखित पुष्टि कर देगा ।

13.2 केंद्र (शहर/कस्बा/गांव) के भीतर स्थान बदलना

रिज़र्व बैंक से पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए बिना केंद्र (शहर/कस्बे/गांव) के भीतर किसी भी स्थान पर शाखा को स्थानांतरित करने की स्वतंत्रता बैंकों को प्रदान की गई है । इस स्थिति के होते हुए, इन मामलों को हमारे अनुमोदन के लिए वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल नहीं करना चाहिए ।

13.3 ग्रामीण शाखाएं

13.3.1 ब्लॉक के भीतर

नीतिगत आधार पर एकमात्र ग्रामीण शाखा को केंद्र/गांव से बाहर स्थान बदलने की अनुमति नहीं है, क्योंकि उससे केंद्र बैंक सुविधा रहित हो जाएगा। तथापि अप्रत्याशित/अपवादात्मक परिस्थितियों (प्राकृतिक आपदाएं, कानून और व्यवस्था की विपरीत स्थिति आदि) के कारण यदि बैंक किसी एकमात्र ग्रामीण शाखा का केंद्र से बाहर स्थान परिवर्तन करने का प्रस्ताव करता है, तब डीसीसी का अनुमोदन प्राप्त किया जाना चाहिए और प्रस्ताव को हमारे विचारार्थ वार्षिक योजना में शामिल किया जाना चाहिए ।

तथापि, रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना बैंक ऐसे केंद्रों से अपनी ग्रामीण शाखाओं का स्थान ब्लॉक के भीतर बदल सकते हैं जहां किसी वाणिज्य बैंक की एक से अधिक शाखाएं हैं । किंतु ग्रामीण शाखाओं का स्थान बदलने पर विचार करते समय बैंकों को सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों के अधीन इन शाखाओं को सौंपी गयी भूमिका को ध्यान में रखना चाहिए । शाखाओं का स्थान बदलने के संबंध में निम्नलिखित न्यूनतम मानदंडों का भी पालन किया जाना चाहिए :

(i) नया केंद्र भी वर्तमान केंद्र जितना अथवा उससे कम जनसंख्या समूह का हो, जैसे किसी ग्रामीण केंद्र में स्थित शाखा का स्थान किसी अन्य ग्रामीण केंद्र में ही बदला जा सकता है; और

(ii) अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िले में स्थित शाखा का स्थान किसी अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िले में स्थित अन्य केंद्र में ही बदला जा सकता है ।

13.3.2 ब्लॉक के बाहर

ऐसे केंद्रों में **जहां एक से अधिक वाणिज्य बैंक शाखाएं (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा को छोड़कर)** हैं, वहां ब्लॉक के बाहर शाखाओं का स्थान बदलने के अनुरोधों को वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल किया जाना चाहिए तथा ऐसे अनुरोधों पर निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर विचार किया जाएगा :

(i) जिन शाखाओं का स्थान बदला जा रहा है वे 5 वर्ष या उससे अधिक से अस्तित्व में हों और पिछले 3 वर्षों से लगातार उन्हें हानि हो रही हो ;

(ii) ऐसे केंद्रों में स्थित शाखाएं जो कुछ प्राकृतिक जोखिमों को झेल रहे हों, जैसे जो बाढ़ प्रवण हों, लैंडस्लाइड होती हो या बांध के निर्माण के कारण डूबनेवाले हों या प्राकृतिक आपदाओं आदि से प्रभावित हों;

(iii) ऐसे स्थानों पर कार्य कर रही शाखाएं जहां कानून और व्यवस्था की समस्याएं हों या जहां आतंकवादी गतिविधियों के कारण बैंक कार्मिकों और संपत्ति को नुकसान का खतरा हो;

(iv) ऐसी शाखाएं जहां बैंक द्वारा उपयोग में लाया जा रहा परिसर जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हो या जला हुआ हो/ध्वस्त हो और उस केंद्र में कोई उपयुक्त परिसर उपलब्ध न हो आदि ।

13.4 <u>महानगरीय, शहरी एवं अर्ध शहरी केंद्र</u>

(क) बैंक महानगरीय/शहरी/अर्ध शहरी केंद्रों में केंद्र की म्युनिसिपल राजस्व सीमा अर्थात् शहर/कस्बे के भीतर रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना, अपने विवेकानुसार अपनी शाखाओं का स्थान बदल सकते हैं।

(ख) बैंक उसी राज्य में (एकमात्र अर्ध-शहरी शाखाओं को छोड़कर, क्योंकि उनका स्थान बदलने से अर्ध-शहरी केंद्र बैंक सुविधा रहित हो जाएगा) महानगरीय, शहरी एवं अर्ध शहरी केंद्रों में अपनी शाखाओं का स्थान भी उपर्युक्त पैरा 12.3.1 (i) एवं (ii) में बताए अनुसार न्यूनतम मानदंडों के अधीन बदल सकते हैं ।

अतः इन मामलों को वार्षिक शाखा विस्तार में हमारे अनुमोदन के लिए शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

13.5 <u>शाखा का अंशतः स्थान परिवर्तन</u>

बैंकों को अपनी शाखाओं के अंशतः स्थान परिवर्तन /कुछ कार्यकलापों के स्थान परिवर्तन के अनुमोदन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, अंतरदेशीय बैंकों के लिए शाखा प्राधिकरण प्रभाग और विदेशी बैंकों के लिए अंतराष्ट्रीय बैंकिंग प्रभाग) से संपर्क करना होगा। शाखाओं का अंशतः स्थान परिवर्तन रिज़र्व बैंक द्वारा मामला-दर मामला आधार पर निम्नलिखित मानदंडों के अधीन किया जाएगा :

(i) शाखा खोलने के तीन वर्षों के भीतर किसी भी अंशतः स्थान परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ii) एक कैलेंडर वर्ष में प्रत्येक बैंक को हर महानगरीय केंद्र /राज्य की राजधानी में केवल एक शाखा के अंशतः स्थान परिवर्तन की अनुमति दी जाएगी ।

(iii) अंशतः स्थान परिवर्तन का नया स्थान विद्यमान स्थान से 250 मीटर के दायरे में होना चाहिए।

(iv) एक शाखा के लिए सिर्फ एक अंशतः स्थान परिवर्तन की अनुमति दी जाएगी। एक बार शाखा को अंशतः स्थान-परिवर्तन की अनुमति मिलने पर, नए स्थान और विद्यमान स्थान दोनों ही अंशतः स्थान-परिवर्तन के पात्र नहीं रह जाएंगे।

(v) अंशतः स्थान परिवर्तन की पात्रता के लिए नए स्थान का क्षेत्रफल विद्यमान स्थान के क्षेत्रफल से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) दोनों परिसरों से एक ही कार्यकलाप नहीं किया जा सकेगा।

14. शाखाओं का परिवर्तन

14.1 विशेषीकृत शाखा का परिवर्तन

बैंक अपनी विशेषीकृत शाखा को किसी अन्य श्रेणी की विशेषीकृत शाखा या सामान्य बैंकिंग शाखा के रूप में अपने विवेकानुसार परिवर्तन कर सकते हैं। तथापि, यह सुनिश्चित किया जाए कि परिवर्तन के पश्चात् उसका ब्योरा भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंपविवि, केंका (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) को तुरंत और किसी भी हालत में दो सप्ताह के भीतर सूचित किया जाता है। लाइसेंस/प्राधिकरण में संशोधन की आवश्यकता नहीं होगी। संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंपविवि, केंका (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) द्वारा शाखा के नए नाम को अभिलेख में ले लेने की पुष्टि कर दी जाएगी। ऐसे मामलों को हमारे अनुमोदन के लिए वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

14.2 सामान्य बैंकिंग शाखाओं का किसी भी प्रकार की विशेषीकृत शाखा के रूप में परिवर्तन

सामान्य बैंकिंग शाखाओं को किसी भी प्रकार की विशेषीकृत शाखा के रूप में परिवर्तन के लिए प्रस्ताव हमारे अनुमोदन के लिए वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल किए जाने चाहिए । ऐसे अनुरोधों की जांच मामला-दर-मामला आधार पर की जाएगी । ऐसे अनुरोधों का ब्योरा **अनुबंध 6** में प्रस्तुत किया जाए ।

14.3 विस्तार पटलों तथा अनुषंगी कार्यालयों का पूर्ण शाखाओं में उन्नयन

(i) बैंक अपने विवेकानुसार अपने वर्तमान विस्तार पटलों तथा अनुषंगी कार्यालयों (एसओ) को पूर्ण शाखाओं के रूप में परिवर्तित करने तथा उसी केंद्र के अंतर्गत पुनः स्थापित करने के लिए स्वतंत्र हैं। तथापि बैंकों को चाहिए कि वे विस्तार पटल /अनुषंगी कार्यालय को पूर्ण शाखा में परिवर्तित करने के पहले विस्तार पटल /अनुषंगी कार्यालय का लाइसेंस जमा कर (यदि अलग लाइसेंस जारी किया गया हो तो)पूर्ण शाखा के लिए अनुमति पत्र संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंपविवि. केका (महाराष्ट्र और गोवा में स्थित विस्तार पटल/अनुषंगी कार्यालय के लिए) से प्राप्त करें। ऐसे मामलों को हमारे अनुमोदन के लिए वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

(ii) ऐसे मामलों में जहाँ बैंक अपने विद्यमान विस्तार पटलों तथा अनुषंगी कार्यालयों का पूर्ण शाखाओं में उन्नयन कर उनका अन्य केंद्र में स्थान परिवर्तन करना चाहते हैं, वहाँ ऐसे प्रस्तावों को रिज़र्व बैंक (बैं.प.वि.वि., के.का.) के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करना चाहिए।

14.4 ग्रामीण शाखा का अनुषंगी कार्यालय में परिवर्तन

सामान्यतः ग्रामीण शाखा का अनुषंगी (सेटेलाइट) कार्यालय में परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए । तथापि, अपवादात्मक मामलों में, ऐसे प्रस्तावों पर विचार किया जा सकता है। ज़िला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) से अनुमोदन प्राप्त कर ग्रामीण शाखाओं को अनुषंगी कार्यालयों में परिवर्तन करने के प्रस्तावों को वार्षिक शाखा विस्तार योजना के साथ हमारे विचार हेतु प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

15. शाखाओं का विलयन

15.1 सामान्य

(क) बैंकों को चाहिए कि जिस शाखा का विलयन (अंतरणकर्ता शाखा) किया जाए, उसके ग्राहकों को वास्तविक विलयन से पर्याप्त समय पहले सूचित कर दिया जाए ताकि उन्हें होनेवाली असुविधा से बचा जा सके ।

(ख) विलयन के ब्योरे (विलयन की तारीख आदि) रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/ बैंपविवि. केंका. (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) को शाखा के विलयन के तुरंत बाद और किसी भी हालत में दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट किया जाना चाहिए ।

(ग) विलयन के बाद विलयित की गयी शाखा (अंतरणकर्ता शाखा) का लाइसेंस (यदि अलग लाइसेंस जारी किया गया हो तो) रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंपविवि. केंका. (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) में निरस्त करने के लिए जमा कर दिया जाना चाहिए ।

15.2 एकमात्र ग्रामीण /अर्ध शहरी शाखा का विलयन

नीतिगत आधार पर एकमात्र ग्रामीण शाखा/अर्ध शहरी शाखा के विलयन की अनुमति नहीं दी जाती है, क्योंकि ऐसी शाखा का उस केंद्र से बाहर स्थित शाखा के साथ विलयन करने से उक्त केंद्र बैंक सुविधा रहित हो जाएगा । तथापि अपवादात्मक/अप्रत्याशित परिस्थितियों (प्राकृतिक आपेक्ष, कानून और व्यवस्था की प्रतिकूल परिस्थिति) में यदि बैंक किसी एकमात्र ग्रामीण/अर्ध-शहरी शाखा का विलयन करने के लिए विवश हो जाए तो ज़िला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) का अनुमोदन प्राप्त कर लेना चाहिए और प्रस्ताव वार्षिक योजना में हमारे विचारार्थ शामिल किया जाना चाहिए । ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखाओं के लिए ऐसे प्रस्तावों का ब्योरा **अनुबंध -7** में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार हमारे अनुमोदन के लिए हमें प्रस्तुत करना आवश्यक है ।

15.3 महानगरीय, शहरी और अर्ध-शहरी शाखाओं का विलयन

बैंक रिज़र्व बैंक से अनुमोदन प्राप्त किये बिना महानगरीय, शहरी और अर्ध-शहरी केंद्रों में स्थित किसी एक शाखा का विलयन किसी अन्य शाखा (जिसे सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अंतर्गत कोई जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई हो) के साथ कर सकते हैं । अतः ऐसे मामलों को हमारे अनुमोदन के लिए वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल नहीं किया जाना चाहिए ।

16. शाखाएं बंद करना

16.1 सामान्य

(क) बैंकों को चाहिए कि जिस शाखा को बंद किया जाना है उसके ग्राहकों को शाखा बंद होने की वास्तविक तारीख से पर्याप्त समय पहले सूचित कर दिया जाए ताकि उन्हें होनेवाली असुविधा से बचा जा सके ।

(ख) शाखा बंद करने के ब्योरे (अर्थात् तारीख आदि) रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंपविवि. केंका. (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) को शाखा बंद होने के दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट किया जाना चाहिए ।

(ग) शाखा बंद होने के बाद, शाखा का लाइसेंस /प्राधिकरण (यदि एकल शाखा के लिए अलग से लाइसेंस/प्राधिकरण जारी किया गया हो तो) रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंपविवि. केंका. (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) को निरस्त करने के लिए जमा किया जाना चाहिए । जहां पर एक से अधिक शाखाओं के लिए समेकित प्राधिकरण जारी किए गए हैं उन बैंकों को रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंपविवि. में जमा करने की आवश्यता नहीं है। यदि बैंक शाखा विशेष के बंद होने की रिपोर्ट कर दें तो पर्याप्त होगा **(शाखा के संबंध में जारी हुए प्राधिकरण के पत्र के अनुलग्नक का अनुक्रमांक स्पष्ट रूप से उल्लेख किया हो)** ताकि रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा (बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग) /बैंपविवि. केंका (गोवा और महाराष्ट्र की शाखाओं के संबंध में) अपने अभिलेखों में शाखा का बंद होना नोट कर लिया जाए।

16.2 ग्रामीण शाखाएं बंद करना

नीतिगत आधार पर एक मात्र वाणिज्य बैंक शाखा वाले (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) ग्रामीण केंद्रों में हानि उठानेवाली शाखाओं को भी बंद करने की अनुमति नहीं है, क्योंकि इससे वह केंद्र बैंकिंग सुविधा रहित हो जाएगा। जिस स्थान पर एक वाणिज्य बैंक शाखा से अधिक शाखाओं द्वारा सेवा प्रदान की जा रही है वहां शाखा को बंद करने का प्रस्ताव ज़िला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल किया जाना चाहिए। यह अपेक्षित है कि ऐसे प्रस्तावों का ब्योरा **अनुबंध 8** में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार हमारे अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

16.3 महानगरीय, शहरी और अर्ध शहरी शाखाएं

बैंकों को रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना महानगरीय, शहरी और अर्ध शहरी केंद्र में किसी भी शाखा को (जिसे सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अंतर्गत जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई हो), बंद करने की अनुमति है । अतः ऐसे प्रस्तावों को हमारे अनुमोदन के लिए वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल नहीं करना चाहिए ।

17. परिसरों का अधिग्रहण - शाखाएँ खोलना

(i) बैंकों को अपने उपयोग के लिए (अर्थात् कार्यालय और स्टाफ के आवास के लिए लीज़/किराया आधार पर मकान अधिग्रहीत करने, परिसर भाड़े पर लेने, परिसर स्वामियों को किराया जमा/अग्रिम देनें, की सभी शक्तियाँ प्रदान की गयी हैं।

(ii) शाखाएं खोलने के लिए परिसर अधिगृहीत करते समय बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शाखा के स्थान के संबंध में नगर निगम/नगरपालिका/शहरी क्षेत्र प्राधिकरी/ग्राम पंचायत अथवा किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी के स्थानीय मानदंडों/कानूनों का पालन किया जाता है ।

(iii) बैंकों से यह अपेक्षित है कि वे अपनी ऐसी शाखाओं/कार्यालयों की सूची जो ऐसे परिसरों से परिचालित हो रहे हैं जिनका विवाद भू-स्वामियों के साथ लंबित है, तिमाही आधार पर तत्संबंधी तिमाही के समाप्त होने के एक महीने की अवधि में 21 अगस्त 2008 के हमारे परिपत्र बैंपविवि. सं. बीएल. बीसी. 32/ 22.01.03/2008-09 में संलग्न फार्मेट के अनुसार रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय निदेशक (अर्थात् लंबित विवाद वाली शाखा/कार्यालय रिज़र्व बैंक के जिस क्षेत्रीय निदेशक के क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्राधिकार में कार्यरत हो) को प्रेषित करें। महाराष्ट्र/गोवा में स्थित शाआओं/कार्यालयों के संबंध में सूचना क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई - 400 001 को प्रस्तुत की जाएगी।

18. केंद्रों का जनसंख्या समूह-वार वर्गीकरण

किसी केंद्र (शहर/कस्बा/गांव) का सही वर्गीकरण जैसे, ग्रामीण, अर्ध शहरी, शहरी या महानगरीय के रूप में करने के प्रयोजन के लिए बैंक को चाहिए कि राजस्व केंद्र के सही नाम का उल्लेख करे और केवल इलाके का उल्लेख न करे। इस प्रयोजन के लिए वर्गीकरण, खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, तहसीलदार/ नगरपालिका या नगर निगम के कार्यालय/ज़िलाधीश या ज़िला जनगणना प्राधिकारी के कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है । इसके अलावा बैंक अपनी वार्षिक योजना प्रस्तावों के साथ बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय से संपर्क करने से पहले केंद्र के जनसंख्या समूहवार वर्गीकरण के संबंध में सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंकिंग सांख्यिकी प्रभाग, सी-8/9, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई - 400 051 से भी पता कर सकते हैं ।

19. भारतीय रिज़र्व बैंक को सूचना देना

(क) क्षेत्रीय कार्यालयों/बैंपविवि., केंका. को सूचना देना

बैंकों को चाहिए कि वे के किसी नये स्थान पर कारोबार खोलने, उसे बंद करने, विलयन करने, कारोबार के किसी वर्तमान स्थान की जगह बदलने या परिवर्तन के ब्योरे भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को तुरंत और किसी भी हालत में शाखा खोलने /बंद करने /विलयन / स्थान बदलने आदि के दो सप्ताह के भीतर सूचित करें, जबकि महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में इसकी सूचना बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई को दी जानी चाहिए ।

बैंकों द्वारा कॉल सेंटरों को खोलने, बंद करने और स्थान बदलने के ब्योरे भी भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंपविवि. कें.का. (महाराष्ट्र और गोवा के कॉल सेंटरों के संबंध में) को सूचित किये जाने चाहिए ।

(ख) शाखा बैंकिंग सांख्यिकी

बैंकों को चाहिए कि वे हर तिमाही के बाद चौदह दिन के भीतर शाखाओं को खोलने, बंद करने, स्थान बदलने, विलय करने और परिवर्तन के संबंध में सूचना प्रोफार्मा I और II में (**अनुबंध 10**) सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (बैंकिंग सांख्यिकी प्रभाग) तथा रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंपविवि. कें.का. को

प्रस्तुत करें । इसके अलावा, प्राधिकृत व्यापारी (एडी) शाखाओं के संबंध में सूचना निरंतर आधार पर प्रस्तुत की जानी चाहिए । सूचना देने के लिए कुछ न होने की स्थिति में 'कुछ नहीं' विवरण प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

20. <u>विदेशी बैंक</u>

भारतीय बैंकों की शाखा प्राधिकरण नीति विदेशी बैंकों पर भी निम्नलिखित शर्तों के अधीन लागू होगी :

- विदेशी बैंकों से अपेक्षित है कि वे भारत में पहली शाखा खोलने के समय 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर की नियत पूंजी लायें ।
- केवल एक शाखा वाले वर्तमान विदेशी बैंकों को दूसरी शाखा खोलने के अनुरोध पर विचार करने से पहले उपर्युक्त अपेक्षा का पालन करना होगा ।
- विदेशी बैंकों को अपनी शाखा विस्तार योजना वार्षिक आधार पर प्रस्तुत करनी होगी ।
- भारतीय बैंकों के लिए निर्धारित मापदंडों के अलावा विदेशी बैंकों के लिए निम्नलिखित पर भी विचार किया जाएगा ;
    - o विदेशी बैंक के और उसके समूह के वैश्विक बाज़ारों में अनुपालन और कार्य प्रणाली के पिछले रिकार्ड पर विचार किया जाएगा । जहां कहीं ज़रूरी होगा वहां उनके देश के पर्यवेक्षकों से सूचना मांगी जाएगी।
    - o भारत में उपस्थिति वाले विदेशी बैंकों के अपने देशों में समान वितरण को महत्व दिया जाएगा ।
    - o आवेदक विदेशी बैंक के अपने देश में भारतीय बैंकों के प्रति किये जानेवाले व्यवहार पर विचार किया जाएगा ।
    - o भारत और उनके अपने देश के बीच द्विपक्षीय और राजनयिक संबंधों पर पर्याप्त विचार किया जाएगा ।
    - o विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) में भारत की प्रतिबद्धताओं को ध्यान में रखते हुए विदेशी बैंकों के शाखा विस्तार पर विचार किया जाएगा। इस प्रकार की गणना के लिए शाखाओं की संख्या में एटीएम को शामिल नहीं किया जाएगा ।

तदनुसार, विदेशी बैंकों को बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग प्रभाग, केंद्रीय कार्यालय**, केंद्रीय कार्यालय भवन (12वीं मंज़िल), शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई-400 001** को अपनी वार्षिक शाखा विस्तार योजना प्रस्तुत करनी चाहिए ।

अनुबंध 1

(**फॉर्म VI -** नए स्थान पर कारोबार खोलने के लिए अनुमति के आवेदन पत्र का फार्म)

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 23 के अंतर्गत कारोबार का नया स्थान खोलने अथवा कारोबार के वर्तमान स्थान को बदलने (उसी शहर, कस्बे या गाँव को छोड़कर अन्य स्थान पर) की अनुमति के लिए आवेदन पत्र - बैंककारी विनियमन (कंपनी) नियमावली, 1949, नियम 12 फार्म VI

पता .....
दिनांक .....

.....
बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग,
भारतीय रिज़र्व बैंक,
.....

महोदय

हम इसके द्वारा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 23 के अनुसार * कारोबार का नया स्थान खोलने /कारोबार के .....स्थित वर्तमान स्थान को .....से बदलकर .....करने की अनुमति के लिए आवेदन करते हैं । हम आवश्यक सूचना इस प्रयोजन के लिए निर्दिष्ट फार्म में नीचे दे रहे हैं ।

भवदीय

हस्ताक्षर .....

1. बैंकिंग कंपनी का नाम :

2. प्रस्तावित कार्यालय :
(निम्नलिखित जानकारी दें)

(क) शहर / कस्बे/ गांव का नाम
(यदि स्थान के एक से अधिक नाम हों, तो संबंधित जानकारी भी प्रस्तुत की जानी चाहिए)

(ख) मुहल्ले /स्थान का नाम

(ग) (i) प्रखंड (ब्लॉक) :

(ii) तहसील/तालुका :

(iii) ज़िला :

(iv) राज्य का नाम :

(घ) प्रस्तावित कार्यालय का स्तर (स्टेटस) :

(ङ) प्रस्तावित कार्यालय तथा वाणिज्य बैंक के निकटतम वर्तमान कार्यालय के बीच की दूरी, बैंक एवं केन्द्र /मुहल्ले के नाम सहित :

@(च) 5 कि. मी. के घेरे में कार्यरत वाणिज्य बैंकों के नाम और उनके कार्यालयों की संख्या, उन केंद्रों के नाम के साथ जिनमें वे कार्यरत हों :

3. पिछला आवेदन :

(यदि प्रस्तावित कारोबारी स्थान के संबंध में रिज़र्व बैंक को पहले कोई आवेदन प्रस्तुत किया गया हो तो उसके ब्यौरे दें)

4. प्रस्तावित कार्यालय खोलने के लिए कारण :

(प्रस्तावित कार्यालय के लिए ब्यौरेवार कारण बतायें तथा निम्नानुसार सांख्यिकी एवं अन्य आंकड़े प्रस्तुत करें, जिनका संकलन प्रस्तावित कार्यालय के लिए किया गया हो)

(i) स्थान की जनसंख्या :

@(ii) प्रस्तावित कार्यालय के कमान क्षेत्र (अर्थात् परिचालन के क्षेत्र) के विवरण :

(क) कमान क्षेत्र की अनुमानित त्रिज्या (रेडियस):

(ख) जनसंख्या :

(ग) कमान क्षेत्र में गांवों की संख्या :

(iii)निम्नलिखित प्रारूप में प्रस्तावित कार्यालय के परिचालन क्षेत्र में कृषि खनिज और औद्योगिक उत्पादन की तथा आयातों और निर्यातों की मात्रा और मूल्य :

पण्य का नाम	उत्पादन		आयात		निर्यात	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

((iv) यदि कृषि खनिज अथवा औद्योगिक विकास के लिए योजनाएं हों तो उनके ब्यौरे दें तथा वर्तमान उत्पादन, आयातों और निर्यातों की मात्रा और मूल्य पर उनके संभावित प्रभावों का उल्लेख करें :

(v) यदि मौजूदा बैंकिंग सुविधाएं अपर्याप्त समझी जायें, तो उसके कारण बतायें :

(vi) संभावनाएं : प्रस्तावित कारोबार के स्थान में 12 महीने के भीतर बैंकिंग कंपनी द्वारा किये जानेवाले न्यूनतम कारोबार की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार दर्शाएं :

(क) जमाराशियां : राशि हजार रुपयों में

(ख) अग्रिम : राशि हजार रुपयों में

5. वर्तमान कार्यालय की स्थिति में परिवर्तन (उस कार्यालय की सही स्थिति बताएं, जिसे बंद करने का प्रस्ताव है तथा मद 2, 3 और 4 के अनुसार नये स्थान के ब्यौरे देते हुए उस स्थान की सही स्थिति बताएं जहां इस कार्यालय को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है)

6. व्यय :

(प्रस्तावित कार्यालय के संबंध में स्टाफ, परिसर, फर्नीचर, स्टेशनरी, विज्ञापन आदि पर पहले किये जा चुके अथवा प्रस्तावित व्यय की मात्रा । साथ ही, यह भी उल्लेख करें कि 12 महीनों में प्रस्तावित कार्यालय में बैंकिंग कंपनी को न्यूनतम कितनी आय होने की आशा है)

अनुमानित वार्षिक आय :

क) अग्रिमों पर ब्याज	रु.
ख) कमीशन	रु.
ग) विनिमय	रु.
घ) प्रधान कार्यालय को दी गयी उधार निधियों पर ब्याज	रु.
कुल	रु.
अनुमानित लाभ	रु.

* अनुमानित वार्षिक व्यय

क) स्थापना प्रभार	रु.
ख) स्टेशनरी और विविध	रु.
ग) किराया और भवन	रु.
घ) जमाराशियों पर अदा किया जानेवाला व्यय	रु.
ङ) प्रधान कार्यालय से उधार ली गयी रु. . . . . की निधियों पर ब्याज @.....%	रु.
जोड़	रु.

7. अन्य विवरण :

(कोई अन्य अतिरिक्त तथ्य, जिसे बैंकिंग कंपनी अपने आवेदन के समर्थन में बताना चाहे)

* जो भाग लागू न हो उसे काट दें ।

@ यह जानकारी उन्हीं केंद्रों के आवेदन के मामले में प्रस्तुत की जानी है जिनकी जनसंख्या एक लाख से कम हो ।

नोट : 1. 'कार्यालय' और 'कार्यालयों' शब्द इस फार्म में जहां कहीं भी आ रहे हैं, उनमें कारोबार का/को वह स्थान शामिल है/हैं जहां जमाराशि स्वीकार की जाती है, चेकों का भुनाया जाता है, धन उधार दिया जाता है या उक्त अधिनियम की धारा 6 की उप धारा (1) में उल्लिखित कारोबार किसी अन्य रूप में किया जाता है ।

2. यदि आवेदन कारोबार के वर्तमान स्थान को बदलने के लिए है तो मद (5) का उत्तर दिया जाना चाहिए ।

3. यदि कोई बैंकिंग कंपनी किसी मद के संदर्भ में पूरे ब्यौरे देने में असमर्थ या अनिच्छुक है तो इस छूट के कारण दिये जायें ।

4. मद (2), (3), (4), (5) और (6) में पूछी गयी जानकारी उस स्थिति में प्रत्येक कार्यालय के बारे में अलग-अलग दी जाये जहां जहां आवेदन एक से अधिक कार्यालय खोलने या स्थान परिवर्तन के लिए हो ।

5. 'प्रशासनिक कार्यालय' के स्थान के परिवर्तन के मामले में जहां किसी बैंकिंग कारोबार का लेनदेन नहीं किया जाता है या किया जाना प्रस्तावित नहीं है (जैसे 'पंजीकृत कार्यालय, केंद्रीय कार्यालय या प्रधान कार्यालय') वहां पत्र के रूप में केवल एक आवेदन प्रस्तुत करना होगा जिसमें परिवर्तन के लिए कारणों का उल्लेख किया गया हो ।

अनुबंध 2

खोलने के लिए प्रस्तावित शाखाओं का संक्षिप्त विवरण

बैंक का नाम :

क्रम सं.	केंद्र/स्थान*	ज़िला	राज्य	शाखा की श्रेणी (सामान्य/ विशेष)	केंद्र की जनसंख्या	जनसंख्या समूह-वार वर्गीकरण	अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाला ज़िला या अन्य

* केंद्र (शहर/कस्बा/गांव) का नाम (जैसे - मुंबई, बेंगलूर, नासिक) दिया जाना चाहिए, केवल इलाके का नहीं । यदि एक केंद्र में एक से अधिक शाखाएं प्रस्तावित हैं, तो इलाके का उल्लेख किया जाए, जैसे - मुंबई-फोर्ट, मुंबई-बांद्रा आदि ।

नोट : यह अपेक्षित है कि शाखाओं का यह संक्षिप्त विवरण द्विभाषिक फार्मेट (हिंदी और अंग्रेजी) में *"आकृति ऑफिस प्रिया एक्स्पैंड"* फोंट में उसकी सॉफ्ट कॉपी सहित प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

अनुबंध 3(क)

बैंक का नाम :

(i) 'अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले' ज़िलों में विद्यमान शाखाओं की राज्य-वार, जनसंख्या समूह-वार संख्या

(---------- को स्थिति)

क्रम सं.	राज्य	शाखाओं की संख्या					कुल शाखाओं में से ग्रामीण शाखाओं का प्रतिशत
		ग्रामीण	अर्ध शहरी	शहरी	महानगरीय	कुल	

(ii) 'अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले, ज़िलों को छोड़कर अन्य' ज़िलों में विद्यमान शाखाओं की राज्य-वार, जनसंख्या-वार संख्या

(---------- को स्थिति)

क्रम सं.	राज्य	शाखाओं की संख्या					कुल शाखाओं में से ग्रामीण शाखाओं का प्रतिशत
		ग्रामीण	अर्ध शहरी	शहरी	महानगरीय	कुल	

..... क्रमशः

(iii) बैंक की विद्यमान जनसंख्या श्रेणी-वार शाखाएं

(अखिल भारतीय सार स्थिति)

(---------- को स्थिति)

ग्रामीण		अर्ध-शहरी		शहरी		महानगरीय		कुल
शाखाओं की संख्या	कुल में से प्रतिशत	शाखाओं की संख्या	कुल में से प्रतिशत	शाखाओं की संख्या	कुल में से प्रतिशत	शाखाओं की संख्या	कुल में से प्रतिशत	शाखाओं की संख्या
अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िले :								
अपर्याप्त बैंकिंग वालों को छोड़कर अन्य ज़िले :								
कुल जोड़ :								

अनुबंध 3 (ख)

बैंक का नाम :

(i) विद्यमान एटीएम की राज्य-वार, जनसंख्या समूह-वार संख्या'
अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले' ज़िले

(---------- को स्थिति)

क्रम सं.	राज्य	ऑन-साइट एटीएम की संख्या					ऑफ-साइट एटीएम की संख्या					
		ग्रामीण	अर्ध शहरी	शहरी	महानगरीय	कुल	ग्रामीण	अर्ध शहरी	शहरी	महानगरीय	कुल	कुल जोड़

(ii) विद्यमान एटीएम की राज्य-वार, जनसंख्या समूह-वार संख्या
'अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िलों को छोड़कर अन्य' ज़िले

(---------- को स्थिति)

क्रम सं.	राज्य	ऑन-साइट एटीएम की संख्या					ऑफ-साइट एटीएम की संख्या					
		ग्रामीण	अर्ध शहरी	शहरी	महानगरीय	कुल	ग्रामीण	अर्ध शहरी	शहरी	महानगरीय	कुल	कुल जोड़

(iii) <u>बैंक के विद्यमान ऑफ-साइट एटीएम की संख्या :</u>

(अखिल भारतीय सार स्थिति)

(- - - - - - - - को स्थिति)

ग्रामीण		**अर्ध-शहरी**		**शहरी**		**महानगरीय**		**कुल**
एटीएम की संख्या	**कुल में से प्रतिशत**	**एटीएम की संख्या**	**कुल में से प्रतिशत**	**एटीएम की संख्या**	**कुल में से प्रतिशत**	**एटीएम की संख्या**	**कुल में से प्रतिशत**	**एटीएम की संख्या**
अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िले :								
अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िलों को छोड़कर अन्य ज़िले								
कुल जोड़ :								

अनुबंध 3 (ग)

बैंक का नाम :

(i) विद्यमान एक्सटेंशन काउंटरों की राज्य-वार, जनसंख्या समूह-वार संख्या

(---------- को स्थिति)

क्र. सं.	**राज्य**	**विद्यमान एक्सटेंशन काउंटरों की संख्या**					
		ग्रामीण	अर्ध शहरी	शहरी	महानगरीय	कुल	टिप्पणी

(ii) वर्ष के दौरान पूर्ण शाखाओं के रूप में उन्नयन किए गए विस्तार पटलों की राज्य-वार, जनसंख्या समूह-वार संख्या

(---------- को स्थिति)

क्र. सं.	**राज्य**	**पूर्ण शाखाओं के रूप में उन्नयन किए गए विस्तार पटलों की संख्या**					
		ग्रामीण	अर्ध शहरी	शहरी	महानगरीय	कुल	टिप्पणी

अनुबंध 3(घ)

बैंक का नाम :

<u>वार्षिक शाखा विस्तार योजना के साथ प्रस्तुत की जानेवाली सूचना</u>

1) बैंक के शाखा विस्तार कार्यक्रम हेतु मध्यावधि नीति :

शाखाओं और एटीएम सहित बैंक 3 वर्ष के लिए अपने शाखा विस्तार हेतु प्रस्तावित मध्यावधि नीति के बारे में ब्यौरे दें

2) अगले 3 वर्षों में कारोबार का अपेक्षित स्तर

क. जमाराशियां

ख. अग्रिम

3) अगले 3 वर्षों में अपेक्षित ग्राहक आधार

4) तकनीकी कार्यान्वयन :

क. पूर्णतः कंप्यूटरीकृत शाखाओं की संख्या

ख. नेटवर्क कनेक्टीविटी से युक्त शाखाओं की संख्या

ग. कोर बैंकिंग सोल्यूशन (सीबीएस) से युक्त शाखाओं की संख्या

वर्तमान तकनीकी संरचना, प्रारंभ की गयी विविध तकनीकी पहल और मध्यावधि में अपने कारोबार के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रस्तावित तकनीकी संवृद्धि/उन्नयन के संबंध में बैंक संक्षेप में एक विवरण भी प्रस्तुत करें ।

5) वित्तीय समावेशन को बढ़ाने हेतु उपाय :

ग्राहकों द्वारा रखे जाने के लिए अपेक्षित न्यूनतम शेष के विविध स्तर/स्लैब तथा इन स्तरों/स्लैबों से जुड़ी बैंक द्वारा दी जानेवाली संबंधित सेवाओं के बारे में बैंक ब्योरे दें ।

6) दिये जानेवाले उत्पादों तथा सेवाओं के प्रभारों की अनुसूची:

बैंक अपने ग्राहकों को दिये जानेवाले विविध उत्पादों तथा सेवाओं के लिए प्रभारों की अनुसूची भेजें । विभिन्न खाते खोलने के लिए अपेक्षित न्यूनतम शेष, न्यूनतम शेष न रखने के लिए प्रभार आदि ।

7) यह सुनिश्चित करने के लिए कि शाखा नेटवर्क विस्तार के कारण ग्राहक सेवा पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं होगा, बैंक द्वारा उठाये जानेवाले कदम ।

8) पिछले दो वर्षों के दौरान बैंक में प्राप्त हुई शिकायतें (प्रमुख विषय / शिकायतों के प्रकार का उल्लेख किया जाए)

क्र.सं.	वर्ष	वर्ष के प्रारंभ में लंबित शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान प्राप्त हुई शिकायतों की संख्या	कुल	वर्ष के दौरान निपटान की गई शिकायतों की संख्या	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या

9) प्रस्तावित शाखा विस्तार के कारण बढ़ने वाले कारोबार से उत्पन्न होनेवाली समस्याओं पर ध्यान देने के लिए बैंक द्वारा प्रस्तावित उपाय -

- आंतरिक नियंत्रण और लेखा-परीक्षा
- आंतरिक प्रबंधन और मिलान
- परिचालन जोखिम से संबंधित अन्य क्षेत्र
- मानव संसाधन संबंधी मसले

10) प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को दिए गए अग्रिमों के संबंध में स्थिति

बैंकों द्वारा क्षेत्रवार सूचना दी जाए ।

11) ऋण जमा अनुपात के संबंध में ब्योरे :

(. . . . . को स्थिति) (राशि करोड़ रुपयों में)

मदें	**ग्रामीण**	**अर्ध-शहरी**	**शहरी**	**महानगरीय**	**कुल**
जमाराशियां					
अग्रिम					
ऋण जमा अनुपात					
प्रति शाखा जमाराशियां					
प्रति शाखा अग्रिम					

12) बैंकिंग समूह के कार्यकलाप तथा बैंक की अपनी सहायक, संबद्ध और सहयोगी संस्थाओं के साथ संबंध का स्वरूप ।

13) क्या पिछले एक वर्ष के दौरान बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी की गई थी और क्या कोई अर्थ-दंड बैंक पर लगाया गया था? यदि हां, तो उसका ब्योरा दें ।

14) पिछले एक वर्ष के दौरान बैंक द्वारा खोली गई शाखाओं की सूची

क्र. सं.	बैंपविवि का संदर्भ संख्या और तारीख	अनुबंध में अनुक्रमांक	केंद्र	ज़िला	राज्य	शाखा खोलने की तारीख

15) शाखाएं खोलने के लिए बैंक के पास **लंबित** प्राधिकरणों की सूची ।

क्र. सं.	बैंपविवि का संदर्भ संख्या और तारीख	अनुबंध में अनुक्रमांक	केंद्र	ज़िला	राज्य	टिप्पणी

16) ऐसी अन्य कोई जानकारी जो बैंक प्रस्तुत करना चाहे

अनुबंध 4

अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िलों की सूची (2001 की जनगणना के आधार पर)

आंध्र प्रदेश

1. आदिलाबाद
2. अनंतपुर
3. कड़पा
4. करीमनगर
5. खम्मम
6. कुर्नूल
7. महबूबनगर
8. मेदक
9. नालगोंडा
10. रंगारेड्डी
11. श्रीकाकुलम
12. विजयनगरम
13. वरंगल

अरुणाचल प्रदेश

1. चुंगलांग
2. दिबांग वैली
3. ईस्ट कामेंग
4. लोहित
5. लोअर सुबन सिरी
6. तिरप
7. अप्पर सिआंग
8. अप्पर सुबनसिरी

असम

1 बारपेटा
2 बोंगाईगांव
3 कचार
4 दरांग
5 धेमाजी
6 धुबरी
7 डिब्रूगढ़
8 गोलपाड़ा
9 गोलाघाट
10 हैलाकांडी

असम

11. जोरहट
12. कार्बी आंगलांग
13. करीमगंज
14. कोकराझार
15. लखीमपुर
16. मोरीगांव
17. नगांव
18. नलबरी
19. शिवसागर
20. सोनीतपुर
21. तिनसुकिया

बिहार

1. अररिया
2. औरंगाबाद
3. बांका
4. बेगुसराय
5. भागलपुर
6. भोजपुर
7. बक्सर
8. दरभंगा
9. गया
10. गोपालगंज
11. जमुइ
12. जेहानाबाद
13. कैमुर
14. कटिहार
15. खगड़िया
16. किशनगंज
17. लखिसराय
18. मधेपुरा
19. मधुबनी
20. मुंगेर
21. मुजफ्फरपुर
22. नालंदा

बिहार

23. नवादा
24. पश्चिमी चंपारण
25. पूर्वी चंपारण
26. पूर्णिया
27. रोहतास
28. सहरसा
29. समस्तीपुर
30. सारण
31. शेखपुरा
32. शिवहर
33. सीतामढ़ी
34. सीवान
35. सुपौल
36. वैशाली

छत्तीसगढ़

1. बस्तर
2. बिलासपुर
3. दांतेवाड़ा
4. धमतरी
5. दुर्ग
6. जॉजगीर-चंपा
7. जशपुर
8. कंकेर
9. कवर्धा
10. कोरबा
11. कोरिया
12. महासमुंद
13. रायगढ़
14. रायपुर
15. राजनंदगांव
16. सरगुजा

दादरा और नगर हवेली

1. दादरा और नगर हवेली

गुजरात

1. अमरेली
2. बनास कांठा
3. भावनगर

गुजरात

4. दाहोद
5. जूनागढ़
6. नर्मदा
7. पंच महल
8. पाटण
9. साबर कांठा
10. सूरत
11. सुरेंद्रनगर
12. डान्स

हरियाणा

1. फतेहबाद
